पत्र सूचना कार्यालय (रक्षा विंग)
भारत सरकार
****
'हर काम देश के नाम'

नई दिल्लीः आषाढ़ 02, 1944
बुधवारः 22 जून 2022

रक्षा मंत्रालय ने 12 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में 75 सीमा सड़कों पर सड़क के किनारे 'बीआरओ कैफे' की स्थापना को स्वीकृति दी

रक्षा मंत्रालय ने सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के साथ सड़कों के विभिन्न खंडों पर 12 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में 75 स्थानों पर सड़क के किनारे 'बाआरओ कैफे' नामक सुविधाओं की स्थापना को स्वीकृति दी है। इनका उद्देश्य पर्यटकों को बुनियादी सुविधाएं और सुख-साधन प्रदान करना और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार सृजन के अलावा सीमावर्ती क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देना है।

बीआरओ की पहुंच सुदूर के सीमावर्ती क्षेत्रों में है और रणनीतिक जरूरतों को पूरा करने के अलावा, यह उत्तरी और पूर्वी सीमाओं के सामाजिक-आर्थिक उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इसके परिणामस्वरूप इन रमणीय स्थानों में पर्यटकों की संख्या में वृद्धि हुई है, जहां अभी भी पहुंचना बहुत मुश्किल है। कठोर जलवायु और भौगोलिक परिस्थितियों में स्थित इन सड़कों पर पर्यटकों के अनुकूल और सुविधापूर्ण पारगमन प्रदान करने के लिए, इन क्षेत्रों में प्रमुख पर्यटक स्थलों/सर्किटों के साथ बहु-उपयोगी सड़क के किनारे सुविधाओं को स्थापित करने की आवश्यकता को मान्यता दी गई थी। इन सड़कों की दुर्गमता और सुदूरता व्यापक वाणिज्यिक गतिविधियों में बाधक है, इसलिए बीआरओ ने अपनी उपस्थिति के आधार पर, दूरदराज के स्थानों पर ऐसी सुविधाएं शुरू करने के लिए स्वयं जिम्मेदारी ली।

इस योजना में लाइसेंस के आधार पर एजेंसियों के साथ सार्वजनिक निजी भागीदारी प्रणाली में सड़के के किनारे सुविधाओं के विकास और संचालन का प्रावधान है। एजेंसियां बीआरओ के दिशानिर्देशों के अनुसार इन सुविधाओं का डिजाइन, निर्माण और संचालन करेंगी। दो और चार पहिया वाहनों के लिए पार्किंग, फूड प्लाजा/रेस्तरां, पुरुषों, महिलाओं और विकलांगों के लिए अलग-अलग विश्राम कक्ष, प्राथमिक चिकित्सा सुविधाएं/एमआई

रूम आदि जैसी सुविधाएं प्रदान करने का प्रस्ताव है। लाइसेंसधारियों का चयन प्रतिस्पर्धी प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा।

समझौते की शर्तें 15 वर्ष तक लागू रहेंगी, जिन्हें आगे पांच साल तक की अवधि के लिए बढ़ाया जा सकता है। बीआरओ द्वारा निम्नलिखित स्थानों पर 75 कैफे स्थापित किए जा रहे हैः

क्र.सं.	राज्य	सड़कें				
1	अरुणाचल प्रदेश	दापारिजो	बामे	कोलोरियांग	पासीघाट	मेंचुका
		मोयिंग	थुंबिन	यिंकियॉन्ग	टिप्पी	दुर्गा मंदिर
		79 कि.मी.	तेंगा	रामा कैंप	सेलाटोप	तवांग
		जेंगथू	हायूलियांग	वाकरो	चांगविंती	
2	असम	तेजपुर नगर	बीपी तिनाली			
3	हिमाचल प्रदेश	8.5 कि.मी.	.5 कि.मी.	11.8 कि.मी.	सिस्सू	मनाली
		खारो	सूमदो			
4	जम्मू एवं कश्मीर	टीपी	ट्रागबल	हुसैनगांव	95 कि.मी.	117.90 कि.मी.
		58 कि.मी.	गल्हार	सिओत	बथुनी	बुधल
		कपोथा	सुरनकोट			
5	लद्दाख	मतियान	कारगिल	मुलबेक	खाल्तसे	लेह
		हुंडर	चोगलमसर	रमत्से	डेबरिंग	पांग
		सरचू	अघाम	न्योमा	हानले	
6	मणिपुर	0 कि.मी.				
7	नागालैंड	जखामा				
8	पंजाब	फाजिल्का				

9	राजस्थान	तनोट डेट	44.40 कि.मी.	साधुवाली गांव	बिरध्वाल	अर्जनसर
10	सिक्किम	कुपुप डेट				
11	उत्तराखंड	दारकोट	61 कि.मी.	57.44 कि.मी.	भैरोंघाटी	बिराही
		ग्वालधाम	पांडुकेश्वर	मनेरा बाईपास	नागनी	कामन्द
		माजरी ग्रांट				
12	पश्चिम बंगाल	मेली				

एबीबी/डीएस/आरपी